(b) Testing of every unit of blood for HIV infection has already been made mandatory. Steps have also been initiated to promote voluntary blood donation and phase out professional blood donors in the country.

School of Nursing at Jipmer, Pondicherry

2356. SHRI V. GOPALSAMY: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to refer to the answer to Unstarred Question 2892 given in the Rajya Sabha on 3rd September, 1990 and state:

(a) whether the proposal to set up a School of Nursing at JIPMER, Pondicherry has been approved by the Planning Commission;

(b) if so, when it was approved and details thereof;

(c) what other steps have been taken to set up the school;

(d) what will be the annual non-plan expenditure; and

(e) what will be the plan expenditure?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI B. SHANKARANAND): (a) to (e) There is no proposal now to establish a School of Nursing at Jipmer, Pondicherry. A proposal to set up a College of Nursing was not pursued as a BSc. Nursing Course had already been introduced by the Government of Pondicherry.

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों संबंधी अध्ययन

2357. **डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :**
श्रीमती सुषमा स्वराज :

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा हाल ही में देश में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के संबंध में एक अध्ययन कराया गया था ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि अध्ययन दल ने अपना प्रतिवेदन सरकार को प्रस्तुत कर दिया है;

(ग) यदि हां, तो प्रतिवेदन में इन केन्द्रों के संबंध में क्या उल्लेख किया गया है ;

(घ) क्या सरकार ने इस प्रतिवेदन के आधार पर इन केन्द्रों की हालत सुधारने के लिये उपाय करने का निर्णय लिया है ; और

(ङ) यदि हां, तो किन उपायों के संबंध में निर्णय लिया गया है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) और (ख) जनांकिकीय रूप से पिछड़े नब्बे जिलों में एक सुविधा अन्तराल सर्वेक्षण किया गया ।

(ग) इस अध्ययन से कुछ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में निरन्तर जल आपूर्ति, विद्युत, आब्जर्वेशन पलंगों, प्रसव कक्षों और आपरेशन थियेटरों और स्टाफ की कमी होने का पता चला ।

(घ) जी, हां ।

(ङ) सामाजिक सुरक्षा नेट योजना के अन्तर्गत जनांकिकीय रूप से पिछड़े सभी नब्बे जिलों के चुनिंदा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आपरेशन थियेटर, आब्जर्वेशन वार्ड, स्टाफ, क्वार्टरों, उपकरण आदि प्रदान करने के लिये राज्यों को धन प्रदान किया गया है ।

सती स्वास्थ्य सेवाओं संबंधी प्रस्ताव

2358. **डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :**
श्रीमती सुषमा स्वराज :

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनक 31 अक्तूबर, 1993 के "दि इकोनोमिक टाइम्स" में "हैल्थ केयर ओनली फोर दि वैल्थी" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि देश में गत दो वर्षों के दौरान सरकार की नीतियों के परिणामस्वरूप स्वास्थ्य सेवाएं मंहगी होती जा रही हैं ;

(ग) यदि नहीं, तो इस संबंध में सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ;

(घ) क्या सरकार देश में सस्ती स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराने की व्यवस्था करने पर विचार कर रही है ; और

(ङ) यदि हां, तो उसकी प्रस्तावित रूपरेखा क्या है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) जी हां । यह समाचार कुछेक अस्पतालों में हृदय की शल्य चिकित्सा के खर्च में होने वाली वृद्धि से संबंधित है ।

(ख) से (ङ) प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या प्रणाली, सरकारी अस्पतालों तथा मेडिकल कालेजों के जनरल वार्डों के माध्यम से प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य परिचर्या सेवायें या तो निःशुल्क या बहुत कम खर्च पर उपलब्ध कराई जाती हैं। तथापि, रोगी आमतौर पर विशिष्ट शल्य चिकित्सा के लिये आवश्यक इम्प्लांट खरीद

डायलिसिस से "एड्स" संक्रमण

2359. **श्री मूलचन्द मीणा :**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 25 नवम्बर, 1992 के "इण्डियन एक्सप्रेस" में "एड्स नाउ एड्स थ्रू डायलिसिस" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या विजया अस्पताल, मद्रास में डायलिसिस किये गये मरीजों के शरीर में एच.आई.वी. रोगाणु प्रवेश कर गए थे ;

(घ) सरकारी तथा प्राइवेट अस्पतालों में डायलिसिस के दौरान "एड्स" के संक्रमण को रोकने के लिये क्या कदम उठाये गये हैं या उठाये जाने की संभावना है ; और

(ङ) भारत में "एड्स" को फैलने से रोकने हेतु कौन से व्यापक कदम उठाए गए हैं ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी. शंकरानंद) : (क) जी हां।

(ख) और (ग) सरकार के पास उपलब्ध सूचना के अनुसार यह समाचार तथ्यों पर आधारित नहीं लगता है । एसा प्रतीत होता है कि पिछले चार वर्षों के दौरान विजया अस्पताल, मद्रास में डायलिसिस पूर्व जांच करते समय केवल दो डायलिसिस के रोगियों को एच.आई.वी. पाजिटिव पाया गया है। अस्पताल में एच. आई. वी. पाजिटिव रोगियों के डायलिसिस के लिए अलग से व्यवस्था भी है।

(घ) यह आवश्यक है कि रक्ताधान के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले रक्त की एच.आई.वी. संक्रमण संबंधी जांच पहले की जाए । सभी राज्यों/संघ राज्यों के वे अस्पतालों को अस्पतालों संक्रमण के निमंत्रण के लिए दिशा-निर्देश पहले ही जारी कर दिए गए हैं इन दिशा-निर्देशों में अन्य बातों के साथ साथ डायलिसिस रोगियों में संक्रमण के नियंत्रण से संबंधित अनुदेश भी शामिल हैं।

(ङ) एड्स की रोकथाम करने से संबंधी कार्यनीतियों में शामिल हैं :— जोखिम का आचरण करने वाले समूहों और अन्य लोगों में जागरूकता पैदा करना, यौन संचारित रोग का नियंत्रण, रक्त निरापदता और रक्त का यौक्तिक इस्तेमाल , तथा एच. आई. वी./एड्स के रोगियों की निगरानी, निदान और उपचार के लिए बेहतर सुविधाएं प्रदान करना।